aglasem.com

FOR CA INTERMEDIATE EXAM PREPARATION

CA Intermediate 2021 Question Paper · Paper 6 Auditing and Assurance

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
CA Intermediate	2021	Question Paper	Paper 6 Auditing and Assurance

DATE

July 2021

IPCE (New Syllabus)
Paper - 6
Auditing and Assurance

DPM2 (H)

JUL 2021

Roll No. .....

Total No. of Printed Pages – 12

Total No. of Questions – 6

Maximum Marks – 70

GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive type answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to Questions in Part I are to be marked on the OMR answer sheet only. Answers to questions in Part II are to be written on the descriptive type answer book. Answers to MCQs, if written in the descriptive type answer book, will not be evaluated.
6. OMR answer sheet will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive type answer book. No bar code sticker is to be affixed on the OMR answer sheet.
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit (a) Part I of the question paper containing MCQs, (b) OMR answer sheet thereon and (c) the answer book in respect of descriptive type answer book to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

PART – II

70 marks

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

DPM2 (H) **P.T.O.**

© The Institute of Chartered Accountants of India

PART – II

1. State with reasons whether the following statements are correct or incorrect. (Answer any **seven**) **2×7 =14**

(a) Misstatement in the financial statements is always because of a fraud.

(b) The first auditor of a Multi-State co-operative Society will be appointed in Annual General Meeting.

(c) Assertions refer to the representations by the auditor to consider the different types of the potential misstatements that may occur.

(d) There is a very thin difference between advocacy threats and intimidation threats to an auditor while performing his duty.

(e) In stratified sampling, the conclusion drawn on each stratum can be directly projected to the whole population.

(f) With reference to General IT control, the objective of Data Center and Network Operations is to ensure that systems are developed, configured and implemented to meet financial reporting objectives.

(g) In the context of related parties, the potential effects of inherent limitations on the auditor's ability to detect material misstatements are greater.

(h) The Location of the description of the auditor's responsibilities for the audit of the financial statements is always within the body of the auditor's report.

© The Institute of Chartered Accountants of India

2. (a) Documentation of audit plan serves as a record of the planned nature, timing and extent of risk assessment procedures and further audit procedures at the assertion level in response to the assessed risks. What all activities in the planning phase should form part of auditor's documentation ? State with examples. 4

(b) CA B is appointed as an auditor of M/s. Divine Pharmacy, a wholesale medicine supplier. While auditing for the financial year 2020-21, CA B wants to use test checking technique. Advise CA B, what kind of precautions should be taken by him in this regard. 4

(c) In case of certain subject matters, limitations on the auditor's ability to detect material misstatements are particularly significant. Explain such assertions or subject matters. 3

(d) The statutory auditor of ABC Ltd., CA Raj identifies certain inconsistencies while applying analytical procedures to the financial and non-financial data of ABC Ltd. With reference to SA 520 on "Analytical Procedures" how CA Raj shall investigate such differences ? 3

3. (a) The auditor shall perform audit procedures designed to obtain sufficient appropriate audit evidence that all events occurring between the date of the financial statements and the date of the auditor's report, that requires adjustment of, or disclosure in, the financial statements have been identified. With reference to SA 560, what are the audit procedures included in the auditor's risk assessment ? 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) CA Rohit is appointed as an auditor of Grace Ltd., he wants to design a suitable Confirmation request letter for a few debtors of Grace Ltd. As a senior auditor of the firm, explain to him with reference to SA 505 "External Confirmation" all the conditions that should be present to use Negative Confirmation requests as the sole substantive audit procedure to address an assessed risk of material misstatement at the assertion level. **4**

(c) CA L is in the process of finalizing his Risk Assessment Procedures of Effluent Limited which include observation and inspection that may support inquiries of management and others. Discuss few examples of audit procedures which include observation or inspection of the entity's operations. **3**

(d) Foreceful Limited is a company dealing in mobile spare parts and having its showrooms in almost all the states in the country. For FY 2020-21, the company transferred its accounts from manual to computerized system (SAP). PQR & Co., Chartered Accountants have specialization in the system audit and have been appointed as the system auditor. PQR & Co., at the end of the audit concludes that there are certain findings or exceptions in IT environment and IT controls of the company which needs to be assessed and reported. Mention those points of consideration. **3**

4. (a) CA "X" while conducting an audit of Joyful Ltd. found a considerable increase in sales as compared to the previous year, he doubts that few fictitious sales have been recorded by the company to overstate its revenues. Discuss any four audit procedures to be undertaken by the auditor to ensure revenue from sales of goods and services performed during the period is not overstated ? **4**

© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) You have been appointed as an auditor of a health care service provider. Briefly discuss the special points that should be kept in mind as an auditor for developing an audit programme. 4

(c) The value of intangible assets may diminish due to efflux of time, use and/or obsolescence. The diminution of the value represents cost to the entity for earning revenue during a given period. Discuss the audit procedures to be applied by the auditor to ensure that Intangible assets have been valued appropriately and as per generally accepted accounting policies and practices. 3

(d) Care Ltd. is an unlisted public limited company, During the financial year 2019-20, the paid-up share capital of Care Ltd. was INR 50 crore and the turnover was INR 180 crore. During the financial year 2020-21, the Board of Directors of the company appointed an internal auditor. Whether Care Ltd. is required to appoint an internal auditor according to the provisions of the Companies act, 2013 ? 3

5. (a) Shine Industries is an electricity generating company engaged in generation of electricity for captive consumption. Its gross turnover was INR 68 crores during the immediately preceding financial year. Management of shine industries has not maintained any cost records as they felt that there is no requirement for them to maintain any cost records or conduct any cost audit. Comment. 4

(b) The recommendation for appointment of auditors is only one of the several functions performed by audit committee. Discuss atleast four other key responsibilities of Audit Committee in accordance with Section 177 of the Companies Act, 2013. 4

(c) List out any three circumstances which induces the management/ employee to commit the fraud. 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

(d) CA Guru is in the process of preparing the final audit report of JPA Private Limited and would like to disclaim his opinion on the financial statements due to an inability to obtain sufficient appropriate audit evidence. How CA Guru shall amend the description of the auditor's responsibilities as required by SA 700 (Revised) ? **3**

6. (a) N Ltd. has been sanctioned a Cash Credit Facility by XYZ Bank Ltd. for INR 1 crore and drawing power as per the Stock Statements furnished for the last quarter is INR 80 Lakh. Outstanding balance in the account is INR 75 lakh. Interest charged to the account is INR 3.5 Lakh and total credit into the account for the quarter is INR 2.5 Lakh. As an auditor how will you report this account in your report. **4**

OR

Define Government Audit and explain its objectives.

(b) You have been appointed as an auditor of VJM Schools. Discuss the points which merit your consideration as an auditor while verifying Assets and Liabilities of VJM Schools. **4**

(c) Tomo Construction Engineering LLP approached CA K to understand various returns to be maintained and filed by them. Guide/Discuss the various returns to be maintained and filed by them. **3**

(d) Discuss the advantages of engagement team discussion done at the planning stage of the bank audit. **3**

© The Institute of Chartered Accountants of India

PART – II

1. कारण देकर बताइये कि निम्नलिखित विवरण सही है या गलत (किन्हीं सात का उत्तर दीजिये) 2×7 =14

(a) वित्तीय विवरणों में मिथ्यावर्णन हमेशा एक कपट के कारण होता है ।

(b) बहु-राज्यीय सहकारी समिति के पहले अंकेक्षक की नियुक्ति वार्षिक साधारण सभा में की जायेगी ।

(c) अभिकथन वे हैं जो घटने वाले विभिन्न प्रकार के सम्भाव्य मिथ्यावर्णन को ध्यान में रखकर अंकेक्षक द्वारा आवेदन के रूप में दिये जाते हैं ।

(d) एक अंकेक्षक को अपना कर्त्तव्य निभाते समय वकालत खतरों (Advocacy threats) और धमकी (Intimidation threats) के बीच में बहुत मामूली अन्तर होता है ।

(e) स्तरित निदर्शन में, प्रत्येक स्तर से लिये गये निष्कर्ष सम्पूर्ण समग्र में प्रत्यक्ष रूप से प्रक्षेपित किये जा सकते हैं ।

(f) सामान्य IT control के सन्दर्भ में डाटा सेंटर व संजाल क्रियाओं (Data Centre and Network operation) का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना कि उत्पादन सिस्टम वित्तीय रिपोर्टिंग के उद्देश्यों से मिलान करते हैं ।

(g) सम्बन्धित व्यक्ति व्यवहार के सन्दर्भ में, महत्वपूर्ण मिथ्यावर्णन को मालूम करने में अंकेक्षक योग्यता पर अन्तर्निहित सीमाओं के सम्भाव्य प्रभाव अधिक होते हैं ।

(h) वित्तीय विवरणों के अंकेक्षण के लिये अंकेक्षक दायित्व के विवरण की स्थिति हमेशा अंकेक्षक प्रतिवेदन के ढाँचें में अन्तर्निहित होती है ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

2. (a) अंकेक्षण योजना का प्रपत्रीकरण जोखिम निर्धारण प्राविधियों के नियोजित प्रकृति, अवधि तथा सीमा एवं निर्धारित जोखिम के संदर्भ में कथन स्तर पर अतिरिक्त अंकेक्षण प्राविधियों का लेखा रखने का कार्य करता है । अंकेक्षण प्रपत्रीकरण के नियोजन चरण में किन सभी गतिविधियों को लेखा परीक्षक के दस्तावेजों का हिस्सा बनना चाहिए । उदाहरण सहित व्याख्या कीजिये । 4

(b) CA B को M/s. Divine Pharmacy जो एक दवाइयों का थोक आपूर्तिकर्ता है, का अंकेक्षक नियुक्त किया गया है । वित्तीय वर्ष 2020-21 का अंकेक्षण करते समय CA B परीक्षण जाँच पद्धति का प्रयोग करना चाहता है । CA B को सलाह दीजिये कि इस सन्दर्भ में उसे क्या सावधानियाँ लेनी चाहिये । 4

(c) निश्चित विषयवस्तु के मामले में महत्वपूर्ण मिथ्यावर्णन को पता लगाने की अंकेक्षक योग्यता की सीमायें विशेष रूप में महत्वपूर्ण होती है । इन कथनों या विषयवस्तु को स्पष्ट कीजिये । 3

(d) ABC लि. के वैधानिक अंकेक्षक CA Raj ने ABC लि. के वित्तीय एवं गैर वित्तीय आंकडों के विश्लेषण प्रक्रियाओं में कुछ विसंगतियों को पाया । SA 520 के अन्तर्गत "विश्लेषण प्रक्रियाओं" के सन्दर्भ में CA Raj को इन विसंगतियों की कैसे जाँच करनी चाहिये ? 3

3. (a) अंकेक्षक को अंकेक्षण प्राविधियों बनाते समय आवश्यक अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करने होंगे जिसमें सभी घटनायें जो वित्तीय विवरण की तिथि, तथा अंकेक्षण प्रतिवेदन की तिथि के बीच घटने वाली हों जिसमें वित्तीय विवरणों में समायोजन तथा प्रकटीकरण की आवश्यकता हो । SA 560 के सन्दर्भ में किन अंकेक्षण प्रक्रियाओं को लेखा परीक्षा के जोखिम मूल्यांकन में शामिल किया गया है ? 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

(b) CA Rohit Grace लि. में अंकेक्षक के रूप में नियुक्त हुआ । वह Grace लि. के कुछ देनदारों के लिये एक उपयुक्त पुष्टिकरण आवेदन पत्र को बनाना चाहता है । 'SA 505' "बाह्य पुष्टिकरण" के सन्दर्भ में फर्म के वरिष्ठ अंकेक्षक के रूप में उसे स्पष्ट कीजिये उन सभी शर्तों को जो नकारात्मक पुष्टिकरण आवेदन के समय अभिकथन स्तर पर भौतिक मिथ्यावर्णन की एक निर्धारित जोखिम को सम्बोधित करते हुये एक साखान प्रक्रिया के रूप में उपलब्ध होनी चाहिये । 4

(c) CA L Effluent लि. में अपनी जोखिम निर्धारण प्रक्रिया के अन्तिम चरण में है जिसमें अवलोकन व निरीक्षण शामिल है जो प्रबन्धन एवं अन्य की पूछताछ में सहायक होगा । संस्था के संचालन में ऐसे अंकेक्षक प्रक्रियाओं के कुछ उदाहरणों की चर्चा कीजिये जिसमें अवलोकन एवं निरीक्षण शामिल हो । 3

(d) Foreceful लि. एक कम्पनी है जो मोबाईल के कल-पुर्जे का कार्य करती है तथा जिसके भारत के लगभग सभी राज्यों में शोरूम हैं । वित्तीय वर्ष 2020-21, के लिये कम्पनी ने अपने खातों को हाथों से करने के स्थान पर कम्प्यूटर प्रणाली की ओर परिवर्तित कर दिया । PQR & Co. सनदी लेखाकार जो सिस्टम आडिट (System Audit) में विशेषज्ञ हैं और सिस्टम अंकेक्षक (System Auditor) के रूप में नियुक्त हुये हैं । अंकेक्षण के अन्त में PQR & Co. ने यह निष्कर्ष निकाला कि IT परिवेश (environment) तथा IT नियन्त्रण (Controls) में कुछ परिणाम और अपवाद हैं जिनका मूल्यांकन करना व रिपोर्ट करना आवश्यक है । उन ध्यान देने वाले बिन्दुओं का वर्णन कीजिये । 3

4. (a) CA X ने Joyful लि. का अंकेक्षण करते समय पाया कि गत वर्ष की अपेक्षा बिक्री में पर्याप्त वृद्धि हुयी है । उसको सन्देह हुआ कि आय को अधिक करने के लिये कम्पनी द्वारा कुछ कृत्रिम बिक्री लेखे में गयी है । अंकेक्षक द्वारा लिये जाने वाली किन्हीं चार अंकेक्षण प्रक्रियाओं को बताएँ जिसमें वह आश्वस्त हो सके कि उस अवधि में वस्तु एवं सेवा की बिक्री से आय को अधिक नहीं लिखा गया है । 4

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

(b) आपको एक स्वास्थ्य रक्षा सेवा का एक अंकेक्षक नियुक्त किया गया है एक अंकेक्षक कार्यक्रम का निर्माण करते समय एक अंकेक्षक को किन विशेष बातों को ध्यान में रखना चाहिये । सूक्ष्म में बताइये । 4

(c) अमूर्त सम्पत्तियों के मूल्य में कमी, समय व्यतीत होने, प्रयोग और अप्रचलन के कारण होती है । मूल्यों में कमी एक दिये गये समय में आय अर्जित करने की लागत प्रदर्शित करती है । अंकेक्षक द्वारा अपनाये जाने वाले अंकेक्षण प्रक्रिया की व्याख्या कीजिये जिसमें वह आश्वस्त हो सके कि अमूर्त सम्पत्तियाँ सही प्रकार से मूल्यांकित की गयी हैं तथा सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन नीतियों एवं व्यवहार के अनुरूप हैं । 3

(d) Care लि. एक गैर सूचीगत सार्वजनिक लि. कम्पनी है । वित्तीय वर्ष 2019-20 में Care Ltd. की दत्तपूँजी ₹ 50 करोड़ थी तथा बिक्री ₹ 180 करोड़ थी । वित्तीय वर्ष 2020-21 में संचालक मण्डल ने एक आन्तरिक अंकेक्षक नियुक्त किया । कम्पनी अधिनियम 2013 के नियमों के आधार पर क्या Care लि. को एक आन्तरिक अंकेक्षक नियुक्त करना आवश्यक है ? 3

5. (a) Shine Industries एक विद्युत उत्पादक कम्पनी है जो सीमित उपभोग के लिये विद्युत उत्पादन में लगी है । इसका वित्तीय वर्ष से ठीक पूर्व के वर्ष में सकल बिक्री ₹ 68 करोड़ थी । Shine industries के प्रबन्धन ने यह सोचकर कोई लागत लेखे नहीं बनाये कि उन्हें न कोई लागत लेखे बनाने की आवश्यकता है और न ही कोई लागत अंकेक्षण कराने की । समीक्षा कीजिये । 4

(b) अंकेक्षण समिति द्वारा किये जाने वाले बहुत से कार्यों में अंकेक्षकों की नियुक्ति के लिये अनुमोदन करना एक कार्य है । कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 177 के अनुसार अंकेक्षण समिति के कम से कम चार अन्य उत्तरदायित्वों का वर्णन कीजिये । 4

(c) किन्हीं तीन परिस्थितियों को सूचीबद्ध कीजिये जो प्रबन्धन / कर्मचारी को कपट करने के लिये प्रेरित करती हैं । 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

(d) CA Guru, JPA प्राइवेट लि. की अन्तिम अंकेक्षक रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में है । पर्याप्त आवश्यक अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करने में असमर्थ होने पर वित्तीय विवरणों पर कोई जवाबदारी नहीं (disclaimer of opinion) देना चाहते हैं । SA 700 (संशोधित) के अनुसार CA Guru अंकेक्षक दायित्वों के विवरण को कैसे संशोधित करेगा ? 3

6. (a) N लि. को XYZ बैंक लि. द्वारा ₹ 1 करोड़ की एक नकद साख सुविधा मंजूर हुयी है तथा गत तिमाही में प्रस्तुत स्टॉक विवरण के आधार पर ₹ 80 लाख की निकासी सुविधा मिली है । खाते में ₹ 75 लाख का अदत्त शेष है, खाते में ब्याज मिली ₹ 3.5 लाख तथा तिमाही में खाते में ₹ 2.5 लाख की कुल साख है । एक अंकेक्षक के रूप में इस खाते को अपनी रिपोर्ट में किस प्रकार दिखाओगे ? 4

अथवा

सरकारी अंकेक्षण की परिभाषा कीजिये तथा इसके उद्देश्यों का वर्णन कीजिये ।

(b) आपको VJM Schools का एक अंकेक्षक नियुक्त किया गया है । VJM Schools की सम्पत्तियों एवं दायित्वों का सत्यापन करते समय एक अंकेक्षक के रूप में ध्यान रखने वाले महत्वपूर्ण बिन्दुओं की चर्चा कीजिये । 4

(c) Tomo निर्माणी इन्जीनियरिंग (Construction Engineering LLP) ने CA K से विभिन्न विवरणियों (Returns) को बनाने तथा उनके द्वारा फाईल (file) किये जाने वाली विवरणियों को समझने के लिये बात की । उनके द्वारा बनाये जाने वाले तथा फाईल (file) किये जाने वाली विभिन्न विवरणियों (Returns) का वर्णन कीजिये । 3

(d) बैंक ऑडिट के नियोजन चरण में कार्यदल के द्वारा किये गये विचार विमर्श से लाभ की व्याख्या कीजिये । 3

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

DPM2 (H)

रोल नं. .....

कुल पृष्ठ – 12

कुल प्रश्नों की संख्या – 6

अधिकतम अंक – 70

अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखना हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर केवल वर्णनात्मक प्रकार उत्तर पुस्तिका पर लगाया जाएगा । OMR उत्तर-पत्र पर कोई बार कोड स्टीकर नहीं लगाया जाएगा ।
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को (a) बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र का Part-I (b) OMR उत्तर-पत्र और (c) वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक को जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी बाध्यकारी होगा ।

भाग – II

70 marks

1. भाग–II में 6 प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है और बाकी में से किन्हीं 4 का उत्तर विवेचनात्मक पुस्तिका में लिखें ।
2. कार्यशील टिप्पणीयाँ उत्तर का भाग होनी चाहिए ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिए गए उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

© The Institute of Chartered Accountants of India

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com